## अध्याय - 2 | मानव जनन

QUIZ PART-02

1. **स्त्री जनन तंत्र का प्राथमिक लैंगिक अंग कौन-सा है?**
   A. अंडवाहिनी　B. गर्भाशय
   C. अंडाशय　D. योनि　(C)

*व्याख्या :* अंडाशय स्त्री जनन तंत्र का प्रमुख प्राथमिक लैंगिक अंग है जहाँ अंडाणु तथा अंडाशयी हार्मोन (एस्ट्रोजन व प्रोजेस्टेरोन) बनते हैं।

2. **प्रत्येक अंडाशय की लंबाई लगभग कितनी होती है?**
   A. 1–2 सेमी
   B. 2–4 सेमी
   C. 5–7 सेमी
   D. 10 सेमी　(B)

*व्याख्या :* प्रत्येक अंडाशय की लंबाई लगभग 2–4 सेमी होती है और यह श्रोणि गुहा के दोनों ओर स्थित रहता है।

3. **अंडवाहिनी की लंबाई कितनी होती है?**
   A. 5–8 सेमी
   B. 10–12 सेमी
   C. 15–20 सेमी
   D. 25 सेमी　(B)

*व्याख्या :* प्रत्येक अंडवाहिनी या फेलोपियन ट्यूब लगभग 10–12 सेमी लंबी होती है और यह अंडाशय से गर्भाशय तक जुड़ी रहती है।

4. **अंडवाहिनी का कौन-सा भाग अंडाशय के सबसे समीप होता है?**
   A. तुंबिका
   B. कीपक
   C. इस्थमस
   D. गर्भाशय द्वार　(B)

*व्याख्या :* अंडवाहिनी का आरंभिक भाग कीपक (इन्फंडिबुलम) कहलाता है जो अंडाशय के सबसे पास स्थित होता है और इसमें फिम्ब्रिया नामक झिल्लीय प्रक्षेप होते हैं।

5. **गर्भाशय का आकार किस वस्तु के समान होता है?**
   A. अंडाकार
   B. नाशपाती के समान
   C. बेलनाकार
   D. वृत्ताकार　(B)

*व्याख्या :* गर्भाशय उल्टी नाशपाती के आकार का होता है और यह पेशीय संरचना वाला अंग है जो गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के विकास का स्थान होता है।

6. **गर्भाशय की बाहरी परत को क्या कहते हैं?**
   A. एंडोमेट्रियम
   B. मायोमेट्रियम
   C. पेरिमेट्रियम
   D. एपिथेलियम　(C)

*व्याख्या :* गर्भाशय की बाहरी परत पेरिमेट्रियम कहलाती है, मध्य परत मायोमेट्रियम और भीतरी परत एंडोमेट्रियम होती है जो आर्तव चक्र में परिवर्तन करती है।

7. **गर्भाशय की ग्रीवा (Cervix) किससे मिलकर जनन नाल (Birth Canal) बनाती है?**
   A. अंडाशय　B. योनि
   C. अंडवाहिनी　D. स्तन ग्रंथि　(B)

*व्याख्या :* गर्भाशय की ग्रीवा और योनि मिलकर जनन नाल (Birth Canal) का निर्माण करती हैं जिससे शिशु का जन्म होता है।

8. **योनि का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. अंडाणु निर्माण
   B. शुक्राणु ग्रहण और शिशु जन्म नाल के रूप में कार्य
   C. हार्मोन स्राव
   D. भ्रूण का विकास　(B)

*व्याख्या :* योनि न केवल संभोग के दौरान शुक्राणुओं को ग्रहण करती है बल्कि प्रसव के समय शिशु के निकलने का मार्ग भी बनती है।

9. **स्त्री जनन तंत्र की कौन-सी बाह्य संरचना 'भगशेफ' (Clitoris) कहलाती है?**
   A. योनि द्वार
   B. मूत्रमार्ग
   C. अंगुली समान संवेदनशील संरचना
   D. स्तनाग्र　(C)

*व्याख्या :* भगशेफ (क्लाइटोरिस) अंगुली के समान एक संवेदनशील संरचना है जो दो वृहत् गोंष्ठों के ऊपरी मिलन बिंदु पर स्थित होती है और यौन उत्तेजना में भूमिका निभाती है।

10. **स्तन ग्रंथियों का कार्य क्या है?**
    A. अंडाणु निर्माण
    B. दुग्ध स्राव
    C. हार्मोन उत्पादन
    D. शुक्राणु निष्कासन　(B)

*व्याख्या :* स्तन ग्रंथियाँ दुग्ध स्राव का कार्य करती हैं और इनमें ग्रंथीय ऊतक के साथ वसा भी होता है; प्रत्येक स्तन में 15–20 दुग्ध पालियाँ होती हैं।